# झारखण्ड विधान सभा

सत्यमेव जयते

## खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2011

[सभा द्वारा यथापारित]

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय,
राँची द्वारा मुद्रित ।

# खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2011

[सभा द्वारा यथापारित]

## विषय–सूची

प्रस्तावना।

धाराएँ।

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ।

2. खनिज क्षेत्र विकास अधिनियम, 1986 की धारा 90 (4) (i) एवं (ii) का संशोधन।

# खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम (संशोधन) विधेयक – 2011
## [सभा द्वारा यथापारित]

प्रस्तावना :–

भारत गणराज्य के 62 वें वर्ष में झारखण्ड राज्य विधान मंडल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

1.) **संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ** :–

(i) यह विधेयक खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक – 2011 कहा जायेगा।

(ii) इसका विस्तार खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार, धनबाद के क्षेत्रान्तर्गत सीमित रहेगा।

(iii) यह तुरन्त प्रवृत होगा।

2.) **खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम – 1986 की धारा 90 (4) (i) एवं (ii) का संशोधन** :–

90 (4) इस अंश के वर्णित Main एवं Pipes में जलापूर्ति करने के एवज में प्राधिकार को निम्न अधिकार प्राप्त होंगे :–

(i) कोलियरी के स्वामी को प्रति एक हजार गैलन जलापूर्ति के लिए कम–से–कम 75/– रू0 देना होगा, जो सरकार द्वारा समय–समय–पर पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

(ii) भू–स्वामी को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर जलापूर्ति की जायेगी, जो 75/– रू0 प्रति एक हजार गैलन से अधिक नहीं होगी।

---

यह विधेयक खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2011 दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 को झारखण्ड विधान-सभा में उद्भूत हुआ और दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 को सभा द्वारा पारित हुआ ।

(चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह)
अध्यक्ष ।

झा०रा०मु०राँची (एल०ए०) 76--50--2-1-2012 ।